भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या **2665**

जिसका उत्तर मंगलवार, 09 जुलाई, 2019/18 आषाढ़, 1941 (शक) को दिया जाना है।

उर्वरक वेंडिंग मशीन

2665. श्री राजन बाबूराव विचारेः

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या कुछ राज्यों में उर्वरक वेंडिंग मशीनें स्थापित की गई हैं;

(ख) यदि हां, तो उन राज्यों का ब्यौरा क्या है जहां उर्वरक वेंडिंग मशीनें स्थापित की गई हैं;

(ग) क्या सरकार का विचार उक्त उर्वरक वेंडिंग मशीनों को महाराष्ट्र राज्य में स्थापित करने का है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

रसायन और उर्वरक मंत्री

(श्री डी.वी. सदानंद गौड़ा)

(क) और (ख): मेसर्स गुजरात नर्मदा वैली फर्टिलाइजर्स एण्ड केमिकल्स लिमिटेड तथा मेसर्स जीएसएफसी को गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र राज्यों में उर्वरक वितरण मशीन (एफडीएम) पर क्षेत्रीय प्रदर्शन करने की अनुमति दी गई थी। मेसर्स जीएनएफसी ने सूचित किया है कि एफडीएम की तकनीकी तथा प्रचालनात्मक व्यवहार्यता स्थापित नहीं की जा सकी। अत: व्यावसायिक आधार पर कंपनी ने एफडीएम स्थापित नहीं की है। तथापि, मेसर्स जीएसएफसी ने सूचित किया है कि कंपनी ने बड़ोदरा में एक मशीन स्थापित की है तथा इस मशीन के माध्यम से उर्वरक वितरण में तकनीकी तथा कार्यात्मक कठिनाइयों का अनुभव हुआ है।

(ग) और (घ): रसायन तथा उर्वरक मंत्रालय अथवा कृषि तथा किसान कल्याण मंत्रालय को किसी भी कंपनी से किसी भी अन्य राज्य में एफडीएम स्थापित करने के लिए कोई भी प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

****